# कार्यालय प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग, पीलीभीत

## पत्रांक-1089/15-1, पीलीभीत, दिनांक 24 सितम्बर, 2021

सेवा में,

परियोजना निदेशक
परियोजना कार्यान्वयन इकाई
शाहजहाँपुर।

विषय :- जनपद पीलीभीत में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730C एवं 731K बीसलपुर-पीलीभीत (आसाम चौक) के निर्माण कार्य में संरक्षित वन भूमि पर बाधक वृक्षों की पातन अनुमति से सम्बन्धित प्रस्ताव संख्या- **FP/UP/ROAD/49626/2020** के सम्बन्ध में।

संदर्भ :- इस कार्यालय का पत्रांक-702/15-1 दिनांक 27.8.2021 एवं आपका पत्रांक-**PIU/MoRTH/PBE/FOREST/2020-21/436 date 10.9.2021**

इस कार्यालय के उक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से निर्माण/विकास कार्य में बाधक वृक्षों के पातन हेतु उत्तर प्रदेश शासन वन अनुभाग-2 के पत्र संख्या-1015/8-2-2021-800(100)/2021 दिनांक 30.7.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुसार वन संरक्षण अधिनियम-1980 के अधीन गैर वानिकी प्रयोग से सम्बन्धित प्रस्ताव में **(Entire Tree Transplant (ETP)** की शर्त को सम्मिलित करते हुए सम्बन्धित प्रयोक्ता एजेन्सी से **(ETP)** के अनुपालन हेतु वचन वद्धता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाये तथा उक्त शासनादेश के अनुपालन में आपके विभाग एवं वन विभाग के साथ पुनः संयुक्त निरीक्षण कर लिया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि उपरोक्त वर्णित वृक्षों में से अधिक से अधिक कितने वृक्षों का ट्रांसलोकेट **(Transplantation)** किया जा सकता है। जिन वृक्षों को ट्रांसलोकेट **(Transplantation)** किया जायेगा उसके लिए भूमि की उपलब्धता की स्थिति स्पष्ट की जाये, तथा जिन वृक्षों का पातन किया जाना अनिवार्य है उनके स्थान पर रोपित किये जाने वाले वृक्षों हेतु भूमि की उपलब्धता की स्थिति भी स्पष्ट की जाये।

आपने अपने संदर्भित पत्र द्वारा मात्र वचनवद्धता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है, परन्तु पुनः बाधक वृक्षों के सम्बन्ध में संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध नही करायी गयी है जिस कारण प्रस्ताव में अग्रिम कार्यवाही नही की जा पा रही है।

(संजीव कुमार)
प्रभागीय निदेशक,
वन एवं वन्यजीव प्रभाग,पीलीभीत

पत्रांक 1089/15-1 दिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर, पीलीभीत टाईगर रिजर्व, वृत्त पीलीभीत को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी, पीलीभीत को सूचनार्थ प्रेषित।

(संजीव कुमार)
प्रभागीय निदेशक,
वन एवं वन्यजीव प्रभाग,पीलीभीत

O/C